सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं. 35/35/2020-रा भा | दिनांक : 11.09.2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय : संस्थान में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा 2024, 'स्वच्छ भारत दिवस' तथा विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 का आयोजन।

संदर्भ : 1. निदेशक महोदय को संबोधित सीएसआईआर मुख्यालय का ईमेल, दिनांक 03 सितंबर, 2024 तथा 10 सितंबर, 2024

2. कैबिनेट सचिव, भारत सरकार का अशा. पत्र सं. 561/1/1/2017-CA.V, दिनांक 4 सितंबर, 2024 एवं संलग्नक

सीएसआईआर मुख्यालय एवं भारत सरकार के दिशानिर्देशानुसार निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने संस्थान में निम्नलिखित आयोजनों का सहर्ष अनुमोदन किया है :

1. **'स्वच्छता ही सेवा'** पखवाड़ा - 17 सितंबर - 01 अक्टूबर, 2024
2. **'स्वच्छ भारत दिवस'** - 02 अक्टूबर, 2024 **(गाँधी जयंती)**
3. **विशेष स्वच्छता अभियान 4.0** - 02 - 31 अक्टूबर, **2024**

इसके अंतर्गत आगामी 17 सितंबर, 2024 को संस्थान परिसर में स्वच्छता गतिविधियों का शुभारंभ किया जाएगा। माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से उपर्युक्त अवधि में ये गतिविधियाँ देश भर में आयोजित की जा रही हैं। इस अवधि के दौरान संस्थान के विभिन्न अनुभागों/प्रभागों/समूहों के प्रभारियों द्वारा, प्रधानाचार्या, सीरी विद्या मंदिर तथा कॉलोनीवासियों द्वारा अपने-अपने सहयोगियों/मित्रों की मदद से अपने कार्य स्थल/विद्यालय/मोहल्ले की साफ-सफाई की जाएगी। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ दिनांक 17 सितंबर, 2024 को प्रात: 10 बजे संस्थान के टॉवर के पास निदेशक महोदय के नेतृत्व में किया जाएगा। उपर्युक्त आयोजनों के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा (सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित) संलग्नक 1 एवं 2 में दी गई है।

सभी सहकर्मी संलग्नक 1 एवं 2 में उल्लिखित कार्य योजना का अनुपालन सुनिश्चित करें तथा भारत सरकार के **स्वच्छ भारत अभियान** में व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामाजिक स्तर पर अपना सहयोग एवं योगदान दे कर इसे सफल बनाएं।

जय शंकर 12/09/2024

(जय शंकर शरण)
प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपि (सूचना एवं अनुपालन हेतु) :

1. निदेशक सचिवालय
2. प्रशासन नियंत्रक
3. वित्त एवं लेखा नियंत्रक
4. सभी समूह प्रमुख/विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष - सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
5. श्री किशन लाल, एमटीएस - सभागार में आवश्यक व्यवस्था हेतु।
6. अध्यक्ष/सचिव, सीरी कैफेटेरिया
7. सुरक्षा अधिकारी/सुपरवाइजर
8. सूचना पट्ट

अनुलग्नक 1

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी (राजस्थान)

'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा

कार्यक्रम

क्र.	दिनांक व समय	गतिविधि	स्थान	उत्तरदायी अधिकारी/ अनुभाग/प्रभाग
1.	17 सितंबर, 2024 (प्रात: 10 बजे)	पखवाड़ा का शुभारंभ	सीरी टॉवर/सीरी मार्केट/ क्रिकेट मैदान	प्रशासन नियंत्रक/ राजभाषा प्रकोष्ठ
2.	17-20 सितंबर, 2024	स्वच्छता दौड़ एवं 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण	संस्थान एवं कॉलोनी परिसर	सीरी स्टाफ क्लब एवं डॉ आर के सिंह, वरिष्ठ तक. अधिकारी
3.	23-25 सितंबर, 2024	सीरी विद्या मंदिर द्वारा विद्यालय में स्वच्छता गतिविधि/नुक्कड़ नाटक	सीरी विद्या मंदिर	प्रधानाचार्या, सीरी विद्या मंदिर
4.	29-30 सितंबर, 2024	ग्राम सभा/स्वैच्छिक श्रमदान	निकटवर्ती ग्राम/अन्य स्थान	प्रशासन नियंत्रक

कृपया सभी विभागाध्यक्ष/समूह प्रमुख/ अनुभाग प्रभारी 17 सितंबर, 2024) को प्रात: 10 बजे 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के शुभारंभ के अवसर पर अपने समूह/अनुभाग/विभाग के सहकर्मियों के साथ सीरी टॉवर के निकट उपस्थित हों।

12/09/2024

(जय शंकर शरण)
प्रशासन नियंत्रक

अनुलग्नक 2

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी (राजस्थान)

विशेष स्वच्छता अभियान 4.0

कार्यक्रम

क्र.	दिनांक	गतिविधि	स्थान	उत्तरदायी अधिकारी/ अनुभाग/प्रभाग
1.	02 अक्टूबर, 2024 **(गाँधी जयंती)** **(स्वच्छ भारत दिवस)**	स्वच्छता शपथ एवं स्वच्छता अभियान का शुभारंभ	नेहरू पार्क/गाँधी हॉल/ सीरी टॉवर	प्रशासन नियंत्रक/ राजभाषा प्रकोष्ठ
2.	07-11 अक्टूबर, 2024	रिकार्ड प्रबंधन [(समीक्षा रिकॉर्डिंग, छंटाई (वीडिंग आउट)]	सभी प्रशासनिक अनुभाग, वित्त एवं लेखा, भंडार एवं क्रय, ज्ञान संसाधन केंद्र	प्रभारी, संबंधित अनुभाग
3.	14-18 अक्टूबर, 2024	विभिन्न स्थलों पर स्वच्छता अभियान	अतिथि गृह, सीरी कैफे, संपदा कार्यालय (सिविल एवं विद्युत)	प्रभारी, संबंधित अनुभाग/प्रभाग
4.	21-25 अक्टूबर, 2024	विभिन्न स्थलों पर स्वच्छता अभियान	सीरी संग्रहालय, सिविल एवं ईएमई	प्रभारी, संबंधित अनुभाग/प्रभाग
5.	24-28 अक्टूबर, 2024	रद्दी/स्क्रैप निपटान	सभी अनुभाग/ वैज्ञानिक समूह	समूह प्रमुख/ प्रभारी, संबंधित अनुभाग/प्रभाग
6.	31 अक्टूबर, 2024	आवश्यकतानुसार कुछ अन्य स्थलों पर स्वच्छता संबंधी कार्रवाई की देखरेख		स्वच्छता समिति

कृपया सभी विभागाध्यक्ष/समूह प्रमुख/ अनुभाग प्रभारी गाँधी जयंती (02 अक्टूबर, 2024) को प्रात: 10 बजे स्वच्छता शपथ के लिए सीरी टॉवर के पास एकत्र हों। साथ ही, स्वच्छता गतिविधियों के संबंध में अपने लिए निर्धारित अवधि के उपरांत किए गए कार्य की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रशासन नियंत्रक कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि समेकित रिपोर्ट परिषद मुख्यालय भिजवाई जा सके। कृपया स्वच्छता संबंधी कार्य / गतिविधि के फोटो वाट्सऐप्प के माध्यम श्री प्रवीण (मो. 8769058837 / श्री पृद्वी (मो. 9490233797) को अवश्य भेजें।

जय शंकर
12/09/2024

(जय शंकर शरण)
प्रशासन नियंत्रक